# राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, झारखंड

## हिंदी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़ा समारोह - २०२५

हिंदी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़ा-२०२५  के आयोजन के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, झारखण्ड  श्री दीपक कुमार द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी (राज्य) श्री ओमेश प्रसाद सिन्हा, अपर राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी (जिला) श्री राजीव कुमार सिन्हा, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) श्रीमती शिवानी कोड़ाह, राजभाषा अधिकारी -सह- वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) श्री एन.एन. मिश्रा, राजभाषा समिति के सदस्य -सह- वरिष्ठ निदेशक(आई.टी.) श्री अजय बल्लव रॉय,  राजभाषा समिति के सदस्य -सह-संयुक्त निदेशक(आई.टी.) श्री कुणाल आनंद,  राजभाषा समिति के सदस्य -सह- संयुक्त निदेशक(आई.टी.) श्री शिव चरण बनर्जी तथा राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र राज्य एवं जिला इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारीगण  वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे ।






उपरोक्त कार्यक्रम में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा सभी को हिन्दी को बढ़ावा देने एवं प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया गया। श्री एन एन मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत करते हुए विभिन्न तरह के आयोजित प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी गई और सबों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु अनुरोध किया गया । उक्त कार्यक्रम में ए.एस.आई.ओ. श्री राजीव कुमार सिन्हा द्वारा भी हिंदी को दैनिक कार्यो में अधिकाधिक प्रयोग के बारे में बताया गया तथा ए.एस.आई.ओ. श्री ए.बी. रॉय द्वारा भी जिला केंद्रों के सहभागिता तथा नव पदस्थापित एन.आई.सी. के अधिकारियों को भी हिंदी के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी दी गई।




हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ 15 सितम्बर, 2025 को झारखण्ड राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) रांची में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा जारी संदेश राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारीगण द्वारा पढ़ा गया।


इस आयोजन में राज्य केंद्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण व्यक्तिगत रूप से तथा सभी जिलों के पदस्थापित अधिकारी/कर्मचारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए।




राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन का दायित्व हम सभी का है। हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग राजकीय कार्यों में न केवल हमारी राजभाषा नीति के अनुरूप है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक पहचान तथा संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है।



उन्होंने कहा कि हिन्दी का सम्मान करना, उसे दैनिक कार्यप्रणाली में अपनाना और उसके विकास में योगदान देना ही राजभाषा के प्रति सच्ची निष्ठा का प्रतीक है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया गया कि वे अपने सभी शासकीय कार्यों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाएँ और इस प्रयास को सतत जारी रखें।




राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान राज्य एवं जिला स्तर पर विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएँ जैसे- निबंध लेखन, क्विज़, वाद-विवाद, टाइपिंग एवं नोटिंग-ड्राफ्टिंग आदि आयोजित की जा रही हैं। झारखण्ड के सभी जिला केंद्रों में अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अधिकांश पत्राचार, रिपोर्टिंग और संचार कार्य हिन्दी में ही कर रहे हैं। जिला वेबसाइटों में भी हिन्दी भाषा समर्थन जोड़ा गया है, जिससे आम नागरिकों को सूचनाएँ अपनी मातृभाषा में सुलभ हो सकें।

एन.आई.सी. झारखण्ड ने भी पूरे उत्साह और सहभागिता के साथ हिन्दी सप्ताह की सभी गतिविधियों में भाग लिया और राजभाषा के प्रसार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस पखवाड़े की गतिविधियाँ न केवल हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करेंगी बल्कि तकनीकी क्षेत्र में हिन्दी के उपयोग को भी नई दिशा प्रदान करेंगी।

श्री कुणाल आनंद ने सभी अधिकारियों को साप्ताहिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारियां देते हुए लिखित उत्तर पुस्तिकाओ को हिंदी राजभाषा के आधिकारिक ई-मेल पर भेजने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## ✦ हिंदी पखवाड़ा गतिविधियाँ

हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सू०-वि० केंद्र, झारखंड की प्रमुख उपलब्धियाँ और गतिविधियाँ प्रस्तुत हैं -

| तारीख | कार्यक्रम | विवरण |
|---|---|---|
| 15 सितम्बर | हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह एवं विषय आधारित निबंध लेखन | मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ । |
| 16 सितम्बर | चित्र आधारित निबंध लेखन | दिए गए चित्र पर आधारित रचनात्मक लेखन। |
| 18 सितम्बर | टिप्पण और प्रारूपण | दिए गए विषय पर आधारित टिप्पण लेखन। |
| 19 सितम्बर | श्रुतलेख | अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुनकर लिखने की प्रतियोगिता । |
| 26 सितम्बर | पुरस्कार वितरण, समापन समारोह एवं धन्यवाद ज्ञापन। | |

### प्रतियोगिता आयोजन समिति

1. श्री राजीव कुमार सिन्हा, समिति अध्यक्ष –सह- ए.एस.आई.ओ.,झारखण्ड
2. श्रीमती शिवानी कोड़ाह, वैज्ञानिक-एफ –सह- ए.एस.आई.ओ.,झारखण्ड
3. श्री अजय वल्लभ रॉय, वैज्ञानिक–एफ –सह- ए.एस.आई.ओ.,झारखण्ड
4. श्री शिव चरण बनर्जी, वैज्ञानिक–डी –सह- संयुक्त निदेशक (आई.टी.)

# राजभाषा पखवाड़ा - 2025 में आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम

| क्रम सं. | प्रतियोगिता विवरणी | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता प्रतिभागी | प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता प्रतिभागी |
|---|---|---|---|
| 1 | विषय आधारित निबंध लेखन 15 सितंबर, 2025 | 1. श्री अंशु कुमार [6144], वैज्ञानिक-डी, राज्य इकाई, रांची<br><br>2. श्रीमती सुनीता तुल्स्यान [6310], वैज्ञानिक-डी, जिला केंद्र – धनबाद<br><br>3.श्री रणवीर सिंह [6267], वैज्ञानिक-डी, जिला केंद्र - पलामू | 1. श्री रवि रंजन [6054], वैज्ञानिक-सी, जिला केंद्र - दुमका<br><br>2. श्री राधे गोविंद ठाकुर [7069], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी, जिला केंद्र-गुमला<br><br>3. श्री तैयब हुसैन [6538], वैज्ञानिक-सी, राज्य इकाई, रांची<br><br>4. श्री रवि प्रकाश [7088], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी, जिला केंद्र - पाकुड़<br><br>5. श्री ऋतु राज प्रियदर्शी [7159], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी, जिला केंद्र - सरायकेला एवं खरसावां |
| 2 | चित्र आधारित निबंध लेखन 16 सितंबर, 2025 | 1. श्री अंशु कुमार [6144], वैज्ञानिक-डी, राज्य इकाई, रांची<br><br>2. श्री अक्षय [8329], सहायक अनुभाग अधिकारी, राज्य इकाई, रांची<br><br>3. श्री विक्रम सिंह धाकड़ [7973], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए, जिला केंद्र - हज़ारीबाग | 1. श्री आकाश कुमार सिंह [7170], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी, राज्य इकाई, रांची<br><br>2. श्रीमती पूनम कुमारी [8041], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए, जिला केंद्र - धनबाद<br><br>3. श्री अमन कुमार [7922], कनिष्ठ सचिवालय सहायक, राज्य इकाई, रांची<br><br>4. श्री हरेंद्र सिंह [6055], वैज्ञानिक-सी, राज्य इकाई, रांची |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 5. श्री अमित कुमार [8029], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए, जिला केंद्र - देवघर |
| 3 | टिप्पण और प्रारूपण 18 सितंबर, 2025 | 1. श्री इन्द्र मोहन श्रीवास्तव [6370], वैज्ञानिक-डी, राज्य इकाई, रांची<br><br>2. श्री मिथिलेश कुमार [7356], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी, जिला केंद्र - दुमका<br><br>3. श्री राजीव रंजन [6332], वैज्ञानिक-डी, जिला केंद्र - रांची | 1. श्री पप्पू कुमार [7287], कनिष्ठ सचिवालय सहायक, राज्य इकाई, रांची<br><br>2. श्री सनी लिंडा [7443], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी, जिला केंद्र - साहिबगंज<br><br>3. श्री सुभाष प्रसाद यादव [6540], वैज्ञानिक-बी, जिला केंद्र - कोडरमा<br><br>4. श्री मनीष [7967], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए, जिला केंद्र - रामगढ़<br><br>5. श्री प्रमोद कुमार [6265], वैज्ञानिक-सी, जिला केंद्र - गोड्डा |
| 4 | **श्रुतलेख** 19 सितंबर, 2025 | 1. श्री कुणाल आनंद [6717], वैज्ञानिक-डी, राज्य इकाई, रांची<br><br>2. श्री चंद्र शेखर पटेल [8227], वैज्ञानिक अधिकारी/अभियंता-एसबी, जिला केंद्र - गढ़वा<br><br>3. श्री प्रगति प्रकाश विहंगम [6966], वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी, जिला केंद्र - पलामू | 1. श्रीमती पूनम वर्मा [6650], वैज्ञानिक-सी, जिला केंद्र - पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)<br><br>2. श्री दीपक कुमार [5959], वैज्ञानिक-सी, राज्य इकाई, रांची<br><br>3. श्री संजीव कुमार [6594], वैज्ञानिक-सी, राज्य इकाई, रांची<br><br>4. श्री रवि रंजन [6249], वैज्ञानिक-डी, जिला केंद्र - खूंटी<br><br>5. श्री अभय कुमार परासर [6642], वैज्ञानिक-सी, जिला केंद्र - देवघर |

# राजभाषा पखवाड़ा - 2025 आयोजन की कुछ झलकियाँ









Digital India
NIC
भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एन आई सी)
झारखण्ड राज्य इकाई, राँची
समारोह-2025
सितम्बर, 2025 से 28 सितम्बर, 2025



Digital India
NIC
भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एन आई सी)
झारखण्ड राज्य इकाई, राँची
पखवाड़ा समारोह-2025
सितम्बर, 2025 से 28 सितम्बर, 2025
राजभाषा पखवाड़ा समारोह-2025
दिनांक 14 सितम्बर, 2025 से 28 सितम्बर, 2025


NIC
भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एन आई सी)
झारखण्ड राज्य इकाई, राँची
पखवाड़ा समारोह-2025
राजभाषा पखवाड़ा समारोह-2025




## प्रतियोगिता में भाग लेते अधिकारी एवं कर्मचारीगण





# विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरण



## ✦ समापन समारोह



हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में उपस्थित
सम्मानित मुख्य अतिथि एन.आई.सी के श्री अमर कुमार सिन्हा, उपमहानिदेशक(से.नि.),
विशिष्ट अतिथि श्रीमती पम्पा बनर्जी, वरिष्ठ निदेशक(आई.टी.) (से.नि.) एवं राज्य केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारीगण।

हिंदी भाषा का सम्मान और प्रयोग हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करता है। एन.आई.सी, झारखंड का यह प्रयास है कि तकनीकी और प्रशासनिक कार्यों में हिंदी का उपयोग बढ़ाकर इसे और व्यापक बनाया जाए।

**- राजभाषा समिति, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र,**

**झारखंड राज्य इकाई, रांची।**



